प्रति,

— श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक महोदय,
जोन शहडोल, शहडोल (म.प्र.)

— श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय,
अनूपपुर, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

— श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय(पुलिस),
कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र)

— श्रीमान् थाना प्रभारी महोदय,
थाना भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

विषय- चोरी की जॉच के संबंध में ।

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि 19 जनवरी 2026 की रात्रि को मेरे घर पर जो चोरी हुई थी, जिसमें लगभग 298 ग्राम सोना, और 2.5 किलो से ऊपर चॉदी के साथ-साथ 2 से 3 लाख रूपयें लगभग नगद एवं मे कुछ कागजात का बैग भी चोरी हुआ था, जिसमें पुलिस के द्वारा चार आरोपियों को पकड़ा गया था, जिनमें से तीन आरोपियों को कोतमा कोर्ट में पेश किया गया था और एक आरोपी को कोर्ट में पेश नही किया गया बाद में मीडिया के द्वारा व सोशल मीडिया में हल्ला मचाने पर चौथे आरोपी जो कि वाहन मालिक था उसे पेश किया गया,

महोदय पुलिस ने चोर को पकड़ने के बाद जब सोना-चॉदी खरीदने वाले सोनी को पकड़ने उसके दुकान या घर गई तो उसी दिन सोना-चॉदी की तलाशी लेकर रिकवरी क्यो नही की गई जबकि सोनी को पकड़ने के 7/8 दिन बाद सोना-चॉदी की रिकवरी लेने गई इस केश के जॉच अधिकारी द्वारा मामले मे लीपा-पोती कर केश को कमजोर कर सिर्फ 09 लाख का रिकवरी का केश बनाकर जेल भेज दिया गया जो बडे आसानी से उन्हें जमानत भी मिल गई ।

CamScanner

मैं थाने में पकडे गये चारो आरोपी से खुद मुलाकात की थी, जिसमें चोर ने साफ-साफ कहा था कि साहब मै गरीब घर से था इसलिये मुझे उठा लाया गया और उन अमीर जादो ( जुबेर और आरिफ ) द्वारा पुलिस से सॉठ-गॉठ कर के छोड दिया गया ।

पकड़ गये सोनी ने भी मुझे बताया कि 3,00,000/- की डिमाण्ड की जा रही है पुलिस के द्वारा जबकि मै गाड़ी 02 साल पहले बेच चुका हूँ । ड्राइवर ने भी बताया कि मुझे सीतापुर 30000/-रू. मे अनूपपुर आने के लिये जुबेर और आरिफ के द्वारा तय किया गया था ।

जब यह बयान थाने मे चोर और सोनी के द्वारा मुझे बताया गया उस समय जॉच अधिकारी जे.पी.लकड़ा भी मेरे साथ मौजूद थे । मै बयान में जिन लोगों के ऊपर शक जाहिर की गई थी उनसे भी आज तक कोई बयान नही लिया गया ।

सी.सी टीवी. फुटेज के आधार पर एक चार पहिया माल वाहक गाड़ी के मालिक को भी पकडा गया था इसके खिलाफ पहले भी आपाधिक प्रकरण थे उसके गॉव बगइहा में चोरी के बाद चोरो ने 01 घंटे बिताया था उसे भी पुलिस पूछताछ के बाद छोड दिया ?

मेरे घर मे हुई चोरी बिना किसी लोकल ब्यक्ति के संलग्न हुये बिना संभव नही है इस केश में लोकल ब्यक्ति को बचाने का प्रयास पुलिस कर रही है ऐसा प्रतीत हो रहा है ।

पुलिस पकडे गाये चारों आरोपियों से रिमाण्ड में लेकर अभी और गहन पूछ-ताछ कर सकती थी परन्तु ऐसा न कर उन्हें जेल भेज दिया गया ।

इन सभी तथ्यों को देखते हुये ऐसा लग रहा है कि इस केश में सॉट-गॉठ कर लीपा-पोती कर दी गई है ।

साइबर टीम द्वारा दिन-रात मेहनत करके जहॉ आरोपियों का लोकेशन टीम इंचार्ज को दे रही है उसके बाद भी टीम बाकी फरार चोरो को पकड़ने में असफल क्यो हो रही है?

CamScanner

अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि कृपया इस प्रकरण को अपने संज्ञान में लेकर बॉकी फरार आरोपियों को शीघ्र पकड कर मेरे यहॉ से चोरी हुये सामान की एवं नगद की रिकवरी करा के जल्द से जल्द मुझे दिलाने का कष्ट करें ।

मेरी जीवन भर के जमा पूॅजी इस चोरी में चोरो द्वारा चोरी कर दी गई है ।

Sangram Singh

दिनांक–24.02.2026

निवेदक

संग्राम सिंह पिता स्व महेन्द्र नारायण सिंह

ग्राम बदरा,थाना भालूमाड़ा, जि.अनूपपुर

मो.नं.9479830798

CamScanner